# प्रेस नोट
# थाना बरूआसागर, झांसी

**दिनाँक 24.08.2026**

- **जनपद झाँसी पुलिस द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध की जा रही प्रभावी कार्यवाही,**
- **थाना बरूआसागर पुलिस द्वारा चोरी के अभियोग से संबंधित 01 अभियुक्त गिरफ्तार,**
- **कब्जे से चोरी गयी 02 डम्फर की बैट्री व जामा तलाशी 01 अवैध तमंचा 315 बोर बरामद व 01 जिन्दा कारतूस 315 बोर**
- **गिरफ्तार अभियुक्त को मा0 न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है,**

कृपया अवगत कराना है कि अपर पुलिस महानिदेशक, कानपुर जोन, कानपुर श्रीमती अनुपम कुलश्रेष्ठ एवं पुलिस महानिरीक्षक, झाँसी परिक्षेत्र, झाँसी श्री आकाश कुलहरि के मार्गदर्शन तथा वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, झाँसी श्री विकास कुमार के कुशल निर्देशन में जनपद झाँसी में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में दिनांक 24.08.2026 को थाना बरूआसागर पुलिस द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0- 229/2026 धारा 303(2) बीएनएस से संबंधित अभियुक्त- **अजय वंशकार पुत्र हरबल वंशकार उम्र 37 वर्ष निवासी बडा वनगुवां थाना बरुआसागर जनपद झांसी** को अंजनी माता मंदिर जाने वाले रास्ते पर खाती बाबा मंदिर रोड के पीछे ग्राम वनगुवां झांसी से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे से चोरी गयी 02 डम्फर बैट्री व जामातलाशी 01 अवैध तमंचा 315 बोर, 01 जिन्दा कारतूस 315 बोर बरामद किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे से बरामद अवैध तमंचा के संबंध में थाना स्थानीय पर आर्म्स एक्ट में अभियोग पंजीकृत कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

## गिरफ्तार अभियुक्तगण का विवरण –

अजय वंशकार पुत्र हरबल वंशकार उम्र 37 वर्ष निवासी बडा वनगुवां थाना बरुआसागर झांसी

**बरामदगी का विवरणः-** चोरी गयी 02 बैट्री, 01 अवैध तमंचा 315 बोर व 01 जिन्दा कारतूस 315 बोर

## गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम –

1-उ0नि0 श्री विशेष पाल सिंह थाना बरुआसागर जिला झाँसी।

2-का0 1869 सुखवीर सिंह थाना बरुआसागर जिला झाँसी।

3-रि०आ० रवि चौधरी थाना बरुआसागर जिला झांसी।